Rajasthan Police

कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त,
साईबर पुलिस थाना
आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस नोट दिनांक 20.05.2023

''परिवादिया के खाते से 4,63,998 रूपये की ठगी करने वाले दो शातिर साइबर ठग गिरफ्तार''

घटना विवरणः–दिनांक 27.04.2023 को परिवादियां श्रीमती सुमन अग्रवाल ने एक टाईप शुदा रिपोर्ट पेश की कि मेरे चालू खाता से बिना ओटीपी शेयर किये किसी ने धोखाधड़ी कर के मेरे खाते से 463998/– रुपए उडा लिए बैंक से हमारे दबारा जानकारी प्राप्त करने पर बताया कि आपके खाते से आनलाइन पेमेंट किया गया है Billdesk पेमेंट गेटवे का उपयोग कर के वगैरहा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

कार्यवाही पुलिसः– प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस आयुक्त, जोधपुर आयुक्तालय के निर्देशानुसार श्री मांगीलाल राठौड़ सहायक पुलिस आयुक्त, साईबर पुलिस थाना, जोधपुर के निर्देशन मे एक टीम गठित की गई, उक्त टीम द्वारा कड़ी मेहनत व लग्न से कार्य करते हुए साईबर साक्ष्य एकत्रित किये गये जिनके आधार पर दिनेश विश्नोई व अनिल गोस्वामी संदिग्ध दो युवकों को दस्तयाब किया गया एवं दोनो से अलग अलग मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना कर्ता जुर्म कबूल कर लिया उक्त दोनो साईबर ठगों को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

तरीका वारदातः– अब तक के अनुसंधान अनुसार मुलजिम दिनेश विश्नोई व अनिल गोस्वामी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक एयरटेल कम्पनी की फर्जी सिम कार्ड खरीद की और उस फर्जी सिम कार्ड का उपयोग कर फ्लिपकार्ट से ऑनलाईन Nikon कम्पनी के दो कैमरे 463998/– रुपए के आर्डर किये जिनका पेमेंट अनिल गोस्वामी ने धौखा से अपने मालिक के खाते से कर दिया क्योंकि अनिल प्रार्थीयां के खाते को हैंडल करता था उसे उसके खातों की पूर्ण जानकारी थी इस कारण बिना परिवादिया की जानकारी के उसके खाते से धोखाधड़ी करके रुपए ट्रांसफर कर दिए और फ्लिपकार्ट से Nikon कम्पनी के दो कैमरे खरीद लिये। दोनो आरोपी शातिर दिमाग के है। मुलजिमान से अनुसंधान जारी है व ठगी के रूपयों से खरीद किये गये माल मशरूका के बरामदगी के प्रयास जारी है।

गिरफ्तार मुलजिम का विवरण –

1. दिनेश विश्नोई पुत्र श्री बाबूलाल उम्र 24 साल निवासी हनुमान सागर, तापू पुलिस थाना ओसियां, जोधपुर
2. अनिल गोस्वामी पुत्र श्री भंवरगिरी जाति गोस्वामी उम्र 20 साल निवासी बरसालू कलां पुलिस थाना मतौडा, जोधपुर

कार्यवाही में शामिल टीमः–

01. श्री जयराम मुण्डेल निरीक्षक पुलिस
02. श्री जमशेद खान सहायक उपनिरीक्षक
03. श्री कानसिंह हैड कांस्टेबल
04. श्री नरपतसिंह कानि. (विशेष भुमिका)
05. श्री रतनाराम कानि.
06. श्री राम दयाल कानि.
07. श्री दीपाराम कानि.
08. श्री महेन्द्र कुमार कानि.
09. श्री नितेश कानि.
10. श्री महिपाल कानि.

सहायक पुलिस आयुक्त,
साईबर पुलिस थाना
आयुक्तालय जोधपुर।